## संपादकीय

# कड़वाहट को दूर करने में मिली सहायता

मोईज़ू ने उम्मीद जताई थी कि भारत मालदीव के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पड़ोसी देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोईज़ू की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में जारी कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली है। मोईज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद एक राजनेता की तरह चुनावी सरगर्मी से विदेश नीति- खासकर भारत संबंधी नीति- को अलग करने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। भारत सरकार ने भी आरंभ में सख्त रुख दिखाने के बाद अब संबंधों को संभालने को प्राथमिकता दी है। मालदीव छोटा-सा द्वीप है, लेकिन अपने भौगोलिक स्थिति के कारण महत्त्वपूर्ण है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव को मोहम्मद मोईज़ू ने इंडिया आउट' अभियान की पीठ पर सवार होकर जीता था।

भारत यात्रा के दौरान एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने उस अभियान को जन भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन यह भी कहा कि उनकी विदेश नीति उस अभियान के प्रभाव से संचालित नहीं है। भारत सरकार ने भी बीती बातों को भुलाकर मालदीव से संबंधों के मामले में नई शुरुआत करने की जरूरत महसूस की। अनेक छोटे देशों की तरह मालदीव की भी अर्थव्यवस्था आर्थिक संकट से गुजर रही है। इस साल की पहली तिमाही में मालदीव का विदेशी ऋण 3.37 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो उसके जीडीपी के ४५ प्रतिशत के बराबर है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी घट गया है।

ऐसे में भारत ने मदद करने का फैसला किया। इस क्रम में भारत ने मुद्राओं की अदला-बदली के समझौते की घोषणा की, जिसके तहत भारत मालदीव को ४० करोड़ डॉलर के अलावा 30 अरब रुपयों की मदद भारत देगा। मोईज़ू ने इसके लिए भारत का आभार जताया है। गौरतलब है कि भारत आने से पहले मोईज़ू ने एक विदेशी टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत को उनके देश की वित्तीय हालत की पूरी जानकारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मालदीव के सबसे बड़े विकास साझेदारों में से एक होने के नाते भारत हमेशा हमारे बोझ को कम करने के लिए तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पास-पड़ोस में एक-एक कर देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।

# आईपीओ का महाकुंभ : अगले हफ्ते 10,985 करोड़ रुपए के 9 आईपीओ आएंगे, 3 की लिस्टिंग

**नई दिल्ली**




भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद प्राथमिक बाजार में जबरदस्त गतिविधियां हो रही हैं। अगले सप्ताह (21 से 25 अक्टूबर) में 10,985 करोड़ रुपये के नौ आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए खुलेंगे। इस दौरान हुंडई मोटर समेत तीन पब्लिक इश्यू की लिस्टिंग होगी।

वारी एनर्जीज आईपीओ अगले सप्ताह 21 अक्टूबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला पहला आईपीओ होगा, जिसका प्राइस बैंड 1,427-1,503 रुपये प्रति शेयर होगा। 4,321 करोड़ रुपये का यह पब्लिक इश्यू 23 अक्टूबर को बंद होगा, जिसमें 3,600 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 721.44 करोड़ रुपये के 48 लाख शेयरों का ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) शामिल है। प्रमोटर वारी सस्टेनेबल फाइनेंस और चंदुरकर इन्वेस्टमेंट ओएफएस में शेयर बेचेंगे।

आईपीओ से पहले 18 अक्टूबर को कंपनी ने एंकर निवेशकों से 1,277 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। यह एक सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल निर्माता कंपनी है। इसकी मुख्य प्रतिस्पर्धियों में प्रीमियर एनर्जीज और वेबसोल एनर्जी जैसी सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं।

दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर के बीच रिटेल निवेशकों के लिए खुलेगा। इस आईपीओ का साइज 260 करोड़ रुपये होगा। इसमें 217 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 42.83 करोड़ रुपये का ओएफएस है। आईपीओ से पहले कंपनी ने पांच एंकर निवेशकों से 78 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है।

गोदावरी बायोरिफाइनरीज का आईपीओ 23 से लेकर 25 अक्टूबर तक खुलेगा। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 555 करोड़ रुपये जुटाने की है। आईपीओ में 325 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रमोटरों एवं निवेशक मंडाला कैपिटल एजी द्वारा 229.75 करोड़ रुपये के 65.26 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। इसका प्राइस बैंड 334 रुपये से लेकर 352 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।

शापूरजी पालोनजी समूह के स्वामित्व वाली एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ भी 25 अक्टूबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। 5,430 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड की घोषणा 21 अक्टूबर को होगी। इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी ने फ्रेश इश्यू के जरिए 1,250 करोड़ रुपये और ऑफर-फॉर-सेल के जरिए 4,180 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

मेनबोर्ड के अलावा एसएमई सेगमेंट में प्रीमियम प्लास्ट, डेनिश पावर, यूनाइटेड हीट ट्रांसफर, ओबीएससी परफेक्शन और उषा फाइनेंशियल सर्विसेज अगले हफ्ते रिटेल निवेशकों के सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे। देश के अब तक के सबसे बड़े 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग 22 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा एसएमई सेगमेंट में लक्ष्य पावरटेक और फ्रेशरा एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयर भी क्रमश: 23 और 24 अक्टूबर को सूचीबद्ध होंगे।

# रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर जुटाएगी 6,000 करोड़ रुपए, शेयरधारकों से मिल गई मंजूरी

**मुंबई**



रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरधारकों ने शेयरों के तरजीही निर्गम और योग्य संस्थागत नियोजन मार्ग के माध्यम से 6,000 करोड़ रुपये जुटाने की कंपनी की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि दोनों प्रस्तावों को शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है, जिसमें डाक मतपत्र के माध्यम से प्रस्तावों के पक्ष में 98 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के निदेशक मंडल ने 19 सितंबर को 6,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी। इसमें से 3,014 करोड़ रुपये शेयरों या परिवर्तनीय वारंट के तरजीही आवंटन के जरिए जुटाए जाने थे, जबकि 3,000 करोड़ रुपये क्यूआईपी के जरिए जुटाए जाएंगे।

**4.60 करोड़ शेयर खरीदेगी राईजी-** पहले चरण में रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर 240 रुपये प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 12.56 करोड़ इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी करके 3,014 करोड़ रुपये का तरजीही नियोजन शुरू कर रहा है। इसमें से 1,104 करोड़ रुपये रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रवर्तकों द्वारा प्रवर्तक कंपनी राइजी इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से निवेश किए जाएंगे। राइजी 4.60 करोड़ शेयर खरीदेगी। तरजीही निर्गम में भाग लेने वाले दो अन्य निवेशक मुंबई स्थित फॉर्च्यून फाइनेंशियल एंड इक्विटीज सर्विसेज और फ्लोरिंट्री इनोवेशन एलएलपी हैं। फ्लोरिंट्री का स्वामित्व ब्लैकस्टोन के पूर्व कार्यकारी मैथ्यू साइरियाक के पास है, जबकि फॉर्च्यून फाइनेंशियल का निमिश शाह के पास है।

**शेयर का भाव-** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर शुक्रवार को 278.20 रुपये पर बंद हुआ था। इस शेयर का 52 वीक हाई 350.90 रुपये है। वहीं, 52 वीक लो 143.70 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप शुक्रवार को बीएसई पर 11,020.37 करोड़ रुपये पर बंद हुआ।

# टीम इंडिया जरूर करेगी वापसी, पुणे टेस्ट से पहले भारतीय दिग्गज का बयान हुआ वायरल

**नईदिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. सीरीज की शुरुआत बेंगलुरु टेस्ट के साथ हुई, जिसमें टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा. अब दूसरा टेस्ट पुणे में खेला जाएगा, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदन लाल ने माना है कि न्यूजीलैंड की टीम दूसरी टीमों से अलग है, मगर साथ ही उन्होंने भरोसा जताया है कि टीम इंडिया अगले टेस्ट में वापसी करेगी. न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भले ही टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा हो. लेकिन, दूसरे मैच में वह हर हाल में जीत दर्ज कर वापसी करना चाहेगी. अब पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टीम बहुत स्ट्रॉन्ग है, लेकिन आप जानते हैं कि न्यूजीलैंड दूसरी टीमों की तरह नहीं है, वो एक अच्छे फाइटर हैं, वे हमेशा वापसी करते हैं. उनके पास एक अच्छी बॉलिंग लाइनअप है और उनके पास बेस्ट फील्डिंग वाली टीम है, लेकिन अब भारत को बहुत अलर्ट रहना होगा कि वे इसे कैसे मैनेज कर सकते हैं और यह बहुत अहम है.

# भारत से वाहन निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 14 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**



भारत से निर्यात किए जाने वाले वाहनों की संख्या में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 14 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। इसका दौरान 25 लाख से ज्यादा वाहनों का निर्यात दुनिया के अलग-अलग देशों में किया गया है।

आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से सितंबर की अवधि में 25,28,248 यूनिट्स का निर्यात किया गया है। बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 22,11,457 यूनिट्स का था। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, यात्री वाहनों, दोपहिया और कमर्शियल वहानों के निर्यात में दोहरे अंक में वृद्धि देखी गई है। तिपहियों का निर्यात सालाना आधार पर एक प्रतिशत कम हुआ है। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में हुई 18 प्रतिशत गिरावट के मुकाबले इसमें सुधार देखा गया है।

अप्रैल से सितंबर की अवधि के बीच यात्री वाहन सेगमेंट में कुल 3,76,679 यूनिट्स का निर्यात किया गया है। इसमें सालाना आधार पर 12 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 19,59,145 यूनिट्स दोपहिया वाहनों का निर्यात किया गया है। इसमें सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 16,85,907 यूनिट्स का था।

यात्री सेगमेंट में मारुति सुजुकी इंडिया की ओर से सबसे अधिक गाड़ियों का निर्यात किया गया है। कंपनी ने समीक्षा अवधि के दौरान 1,47,063 वाहनों का निर्यात किया है। 62,162 वाहनों के निर्यात के साथ हुंडई मोटर्स इंडिया दूसरी नंबर पर रही। अग्रणी वाहन निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने भी हरियाणा में अपनी मानेसर सुविधा में 1 करोड़ संचयी उत्पादन का मील का पत्थर भी पार कर लिया है। दोपहिया वाहन सेगमेंट में अप्रैल से सितंबर की अवधि में बजाज ऑटो 764,827 यूनिट्स के साथ शीर्ष निर्यातक रहा, उसके बाद टीवीएस मोटर का नाम है।

# भारत में गोल्फ का भविष्य सुनहरा, लेकिन विकास की गति धीमी है : जॉय चक्रवर्ती

**नई दिल्ली**

भारत में गोल्फ का विकास बहुत धीमी गति से हुआ है। टोक्यो ओलंपिक में अदिति अशोक के चौथे स्थान पर आने के बाद इसे थोड़ी लोकप्रियता मिली, लेकिन अभी तक यह प्रमुख खेल के तौर पर अपनी जगह नहीं बना पाया है।

अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ संवाददाता जॉय चक्रवर्ती के अनुसार, इस खेल में भारत में बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

जॉय ने कहा, मैंने 1990 के दशक से भारत में गोल्फ को देखा है।इसका विकास जरूर हुआ है, लेकिन इसकी गति बहुत धीमी है। दुबई में पहला गोल्फ कोर्स 1988 में बनाया गया था और अब दुबई में इनकी संख्या 12 और यूएई में 20 हैं। बहुत से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक वहां आकर इस खेल का लुत्फ उठाते हैं। गोल्फ से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और रोजगार भी बढ़ता है। अगर हम एक गोल्फ कोर्स की बात करें तो अनुमान है कि इसमें करीब 500 लोग काम करते हैं और क्रिकेट स्टेडियम के विपरीत इन लोगों के लिए यह साल भर का रोजगार है। भारत में इसके लिए काफी संभावनाएं हैं।



जॉय दिल्ली गोल्फ क्लब लीग (डीजीसीएल) के चौथे संस्करण में शामिल हुए थे, जो 3 अक्टूबर को दिल्ली गोल्फ क्लब में शुरू हुआ और इसमें खिताब के लिए रिकॉर्ड 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल 26 अक्टूबर को खेला जाएगा।

जॉय डीजीसीएल की विशेषता और टूर्नामेंट पर भी बात की। उन्होंने कहा, यह पेशेवर गोल्फ से बहुत अलग है। यहां एक समुदाय की भावना है, क्लब के सदस्यों में एकजुटता और अपनी टीम में योगदान देने में भागीदारी और रुचि है, इसलिए यह बहुत मजेदार है। यह देखना दिलचस्प है कि यह टूर्नामेंट कितना शानदार है। मैंने 70 वर्षीय खिलाड़ी को 21 वर्षीय खिलाड़ी के साथ खेलते देखा है। आपको पूरे साल ऐसा देखने को नहीं मिलता। सीनियर खिलाड़ी, युवा खिलाड़ी, पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ खेलते हैं। मुझे लगता है कि यह सभी को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है।

# दीपिका ने मेक्सिको में जीता सिल्वर के साथ छठा तीरंदाजी विश्व कप फाइनल पदक



**ट्लाक्सकाला (मैक्सिको)।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी वर्ल्ड कप फाइनल में सिल्वर मेडल जीतकर अपना छठा वर्ल्ड कप फाइनल मेडल हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन की ली जियामन से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा।

2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स की चैंपियन दीपिका ने क्वार्टर और सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने ली की चीनी साथी यांग जियाओली को 6-0 से हराया और फिर ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली एलेजांद्रा वैलेंसिया को 6-4 से उनके ही घर में मात दी।

दीपिका ने कहा, इस वर्ल्ड कप का हिस्सा बनना और जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब मैं इससे भी ज्यादा मेहनत करूंगी।

वहीं, ली ने अपने पहले ही प्रयास में इस प्रीमियर अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 8 तीरंदाज हिस्सा लेते हैं, जो या तो तीन वर्ल्ड कप स्टेज में से एक जीतकर या अपनी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करते हैं।

ली ने कहा, पहला मुकाबला थोड़ा तनावपूर्ण था, लेकिन आखिरी दो मुकाबले कुछ ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगे। मैंने अपनी पूरी कोशिश की, लेकिन पहले मैच की तुलना में बाद के मैचों में मैं कम नर्वस थी। मैं बस अच्छे तीर मारने की कोशिश कर रही थी, जीत या हार के बारे में ज्यादा नहीं सोचा।

पांच सदस्यीय भारतीय टीम, जिसमें तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे, ने इस सीजन के आखिरी टूर्नामेंट में एक मेडल के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। आज आप माता-पिता से अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

***वृष-*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जायेगा। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। आज आपको मान-सम्मान मिलेगा।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में ख़ुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

***कर्क-*** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह भी लेंगे।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे, जो आपको पसंद है।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आप अपने आपको काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

***तुला-*** आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है।

***वृश्चिक-*** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे।

***मकर-*** आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा।

# सामंथा बनीं जेम्स बॉन्ड, वरुण धवन के दिखे खतरनाक स्टंट, एक्शन से भरपूर है सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर

सिटाडेल: हनी बनी के मेकर्स ने शो का ट्रेलर रिलीज किया. वरुण धवन और सामंथा द्वारा एक्शन से भरपूर इस शो का निर्देशन द फैमिली मैन फेम राज और डीके ने किया है. ट्रेलर काफी मजेदार है क्योंकि शुरूआत से ही इसमें ड्रामा, मस्ती, एंटरटेनमेंट और ढेर सारा एक्शन नजर आता है. सामंथा-वरुण के अलावा इसमें के के मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिशर और काशवी मजूमदार खास रोल प्ले कर रहे हैं. हनी के रूप में सामंथा एक छोटी लडक़ी नादिया की मां की भूमिका निभाती हैं और जानती हैं कि कैसे एक प्रोटेक्टिव मदर और खतरनाक एजेंट बनना है. एक सीन में वह उनकी बेटी को बताती हैं कि वे एक सीक्रेट उसे बताना चाहती हैं. जिसके बाद वह कहती है कि वे एक एजेंट थीं तब उनकी बेटी कहती हैं मतलब जेम्स बॉन्ड की तरह. वहीं दूसरी ओर वरुण एक अनाथ बनी का रोल प्ले करते हैं और एक सीधा-सादा जासूस बनते हैं. रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाई गई यह स्पाई थ्रिलर प्रियंका की सिटाडेट से जुड़ी है. दरअसल ट्रेलर लॉन्च के दौरान यह पता चला कि इस सीरीज में सामंथा की बेटी नादिया वही नादिया (प्रियंका चोपड़ा) है जिससे हम सिटाडेल सीरीज के पहले पार्ट में मिले थे, जो पहले से ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है.



# बिन्नी एंड फैमिली की तेलुगु और तमिल में बनेगा रीमेक, लाइका प्रोडक्शंस ने हासिल किए अधिकार



रजनीकांत और अक्षय कुमार अभिनीत 2.0 (2018), मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन - भाग 1 (2022), पोन्नियिन सेलवन - भाग 2 (2023) और कई अन्य फिल्मों जैसे मेगा-बजट ब्लॉकबस्टर का निर्माण करने वाली प्रमुख फिल्म निर्माण कंपनी लाइका प्रोडक्शंस ने हाल ही में रिलीज हुई पारिवारिक मनोरंजन फिल्म बिन्नी एंड फैमिली के तेलुगु और तमिल रीमेक अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह एक छोटे बजट की फिल्म है जिसे सीमित सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। फिर भी, इसे दर्शकों और आलोचकों से समान रूप से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और यह अपने कंटेंट की शक्ति से अपने मजबूत भावनात्मक जुड़ाव के साथ परिवारों के दिलों पर कब्जा कर रही है।

# इंटरनेशनल क्रश बनी एमिलिया खेर, खूबसूरती देख आप भी कहेंगे इसे तो मॉडल होना चाहिए



**नईदिल्ली।** वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर पहली ट्रॉफी जीती. इस जीत के बाद एक कीवी खिलाड़ी अपनी खूबसूरती के लिए सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई हैं, जिनका नाम है एमिलिया खेर. जी हां, ये वही ऑलरआउंडर खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कीवी टीम को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई.

न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी एमिलिया खेर ने पूरे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया. इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुना गया. इतना ही नहीं साउथ अफ्रीका के साथ खेले गए फाइनल मैच में भी एमिलिया ने पहले बल्ले से 43(38) रन बनाए और फिर अपने स्पेल के 4 ओवरों में 24 रन देकर 3 विकेट चटका लिए. अपने इस मैच विनिंग प्रदर्शन की बदौलत एलिमिया ने फाइनल में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता.

24 साल की एलिमिया ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखा सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. मगर, उनके खेल से ज्यादा इस वक्त उनकी खूबसूरती की चर्चा हो रही है. इंस्टाग्राम पर इस क्रिकेटर के 76 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं. वह अक्सर अपनी अचीवमेंट की फोटोज शेयर करती रहती हैं.

24 साल की एलिमिया केर एक क्रिकेट से रिश्ता रखने वाले परिवार से आती हैं. उनके दादा ब्रूस मरे ने न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था. उनकी बहन जेस केर भी नेशनल टीम का हिस्सा हैं. ये कहना गलत नहीं होगा कि क्रिकेट एलिमिया के खून में ही है. एलिमिया खेर ने न्यूजीलैंड के लिए 74 वनडे मैचों में 2082 रन बनाने के अलावा 91 विकेट भी ले चुकी हैं. वनडे में उनका हाईएस्ट स्कोर 232* है. 85ञ्ज20ढ्ढ मैचों में 1296 रन बनाने के साथ-साथ 93 विकेट झटक चुकी हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 214

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू-दोकू- 214

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |